CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-70
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

अच्छे तो सभी होते हैं मगर पहचान बुरे वक्त में ही होती है।

बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार, 15 जून 2024

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं सोलर लाइट एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला के सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, जल जीवन हरियाली मिशन और पंचायत सरकार भवन के प्रगति की समीक्षा की गई। इस बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं सोलर लाइट लगाने वाली कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि पूर्वी चंपारण जिला में ग्रामीण सोलर लाइट लगाने का कार्य चार एजेंसियों को दिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा सोलर लाइट के इंस्टॉलेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश सभी कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को दिया गया एवं कहा गया की 15 दिन के पश्चात इसकी प्रगति की पुन: समीक्षा की जाएगी और जिस एजेंसी के द्वारा लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जाएगा उनके कार्य में कटौती करते हुए उनका कार्य बेहतर कार्य करने वाली एजेंसी को सौंप दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को एजेंसी के कार्यों की प्रतिदिन गहन मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया।

जल जीवन हरियाली मिशन अंतर्गत सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर शेष बचे सभी कुओं का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिया कि जो लक्ष्य दिया गया है उसे ससमय पूर्ण कराई जाए। पंचायत सरकार भवन को लेकर कल दिनांक 15.6.2024 को सभी अंचल अधिकारियों के साथ बैठक करने की भी बात कही गई।

पंजाब सड़क हादसे में बिहार के कई मजदूर घायल

बस पहले ट्रांसफार्मर से और फिर ट्रक से टकराई

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पंजाब के खन्ना में नेशनल हाईवे पर आधी रात को बड़ा हादसा हो गया, यहां बिहार और यूपी के मजदूरों को लेकर आ रही बस को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस करीब 150 मीटर दूर जाकर बिजली ट्रांसफार्मर से टकरा गई। हादसे में 25 से 30 मजदूर घायल हो गये. घायलों में कुछ महिलाएं और बचे भी शामिल हैं। उसे सिविल अस्पताल खन्ना में दाखिल करवाया गया। बताया जा रहा है कि ट्रक का टायर फट गया जिसके कारण ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक बस से टकरा गया। जानकारी के मुताबिक बिहार और यूपी के करीब 65 मजदूर बस में सवार होकर पंजाब में धान रोपने के लिए आ रहे थे। आधी लेबर को खन्ना में उतरना पड़ा, रात करीब 12.30 बजे बस नेशनल हाईवे पर गुरु अमरदास मार्केट के सामने कट पर रुकी. कुछ मजदूर नीचे उतरे ही थे कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी, मजदूर चिल्ला उठे, बस करीब 150 मीटर दूर ट्रांसफार्मर से टकराई तो जोरदार धमाका हुआ। हादसे में बस को आग लगने से बचा लिया गया, नहीं तो कई मजदूर जिंदा जल सकते थे, ट्रक से टक्कर के बाद जब बस ट्रांसफार्मर से टकराई तो धमाका हुआ और आग की लपटें भी उठीं, यह भी ख्याल रखा गया कि करंट बस के अंदर न आए, इससे काफी नुकसान हो सकता था। कुल मिलाकर इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। थाना सिटी 2 प्रमुख गुरमीत सिंह के मुताबिक हादसा ट्रक का टायर फटने से हुआ, बेतिया के रहने वाले राजेश ने बताया कि वे करीब 30 से 35 लोग धान रोपने के लिए पंजाब जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया, उन्होंने बताया कि बस रूकी हुई थी हमलोग उतर गए इसी दौरान पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी, इसी कारण हादसा हो गया, बस में 60 से 65 लोग सवार थे।

चिराग के चाचा को बड़ा झटका

टैक्स जमा नहीं करने पर छीन लिया गया दफ्तर

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पटना, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस को भवन निर्माण विभाग ने बड़ा झटका दिया है। पटना एयरपोर्ट रोड स्थित एलजेपी दफ्तर का आवंटन रद्द कर दिया गया है। ऐसी नौबत आने की वजह टैक्स का भुगतान नहीं किया जाना बताया जा रहा है। आवंटन रद्द होने की अधिसूचना भवन निर्माण विभाग ने जारी किया है। ऐसे में अब जल्द ही पशुपति पारस को दफ्तर खाली करना होगा।

बता दें कि 18 साल पहले यह ऑफिस दिवंगत रामविलास पासवान की पार्टी को दी गयी थी। रामविलास पासवान के निधन के बाद भी यही से लोजपा दफ्तर चलता था। लेकिन जब चाचा-भतीजे अलग हुए तब पशुपति पारस की पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और चिराग की पार्टी का नाम लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास हो गया। लेकिन आवास संख्या 1, व्हीलर रोड, हवाई अड्डा रोड पटना वाले पुराने दफ्तर में पशुपति पारस ने अपनी पार्टी का कार्यालय बना लिया। यहां से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का दफ्तर चलाया जाने लगा। लेकिन 2019 के बाद से रिन्यू नहीं कराया गया और ना ही टैक्स जमा किया गया। इसके बावजूद पशुपति पारस 5 साल से इस जगह से ही ऑफिस चलाते रहे। टैक्स जमा नहीं किये जाने के कारण आवंटन को रद्द कर दिया गया है। अब जल्द ही राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को दफ्तर खाली करना पड़ेगा। रालोजपा को इस जगह को खाली करने के निर्देश भवन निर्माण विभाग ने दिया है। ऐसे में अब इस बात की चर्चा हो रही है कि यह जगह अब पशुपति पारस से भतीजे चिराग पासवान को आवंटित किया जाएगा। चिराग पासवान अब यही से लोजपा रामविलास पार्टी का दफ्तर चलाएंगे।

मशहूर अदाकारा सियाराह ने थामा भाजपा का दामन

देश को बेहतर और विकासशील रखने के लिए भाजपा का समर्थन जरूरी हैं - सियाराह

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

डॉ. सियाराह एक राजनीतिज्ञ, फैशन डिजाइनर, प्रेरक वक्ता, मॉडल और अभिनेत्री हैं। उन्होंने हाल ही में भाजपा वाइन की है और समाज की बेहतरी के लिए काम करने के लिए तत्पर हैं। वह काम करने में विश्वास करती हैं और उनके सराहनीय काम अब तक विभिन्न क्षेत्रों में देखे जा सकते हैं। वह 2012 से नई दिल्ली में अपना फैशन स्टूडियो- *FAB LOOKS* सफलतापूर्वक चला रही हैं और जल्द ही अन्य शहरों में विस्तार करने की योजना बना रही हैं। सियाराह को समाज की बेहतरी के लिए उनके सराहनीय सामाजिक कार्यों के लिए थियोफनी यूनिवर्सिटी हैती द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है डॉ. सियाराह ने हाल ही में ज़ी पंजाबी पर एक पंजाबी धारावाहिक - धीयां मेरियां में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है और डॉ. सियाराह ने 2019 में एक प्रसिद्ध सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लिया और ब्यूटीफुल स्माइल का खिताब जीता इसके अलावा, उन्होंने 3 लघु फिल्मों, 1 वीडियो गीत में अभिनय किया है और जुनून के तौर पर प्रिंट और कमर्शियल शूट करती हैं

बिहार में गर्मी का टॉर्चर

नालंदा में 3 की गई जान, चलते चलते दम तोड़ रहे लोग

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

नालंदा, नालंदा जिला इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है, जिससे जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो चुका है. इंसान से लेकर जानवर तक सभी इस गर्मी से त्रस्त है. ऐसे में इस उमस भरी भीषण गर्मी से जिले में 3 लोगों की मौत हो गई है. जिनमें दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल है.परिवार के लोगों ने बताया महिला एकंगरसराय बाजार गई थी, उसी दौरान अचानक लू मार दिया जिससे वो बेहोश होकर गिर गई. परिवार के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली तो घटना स्थल पर पहुंचकर अस्पताल ले गए. जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया.

चंदन चौबे से बातचीत के दौरान सियाराह ने कहा कि देश को बेहतर और विकासशील रखने के लिए भाजपा का समर्थन जरूरी हैं।

रुपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए *JDU* ने तय किया कैंडिडेट कलाधार मंडल को मिला टिकट

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पूर्णिया- पूर्णिया जिले के रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव दिलचस्प होने वाला है। क्योंकि वहां से विधायक बीमा भारती के विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद कई लोग अपनी दावेदारी महागठबंधन में पेश कर रहे हैं। खबर तो यह भी सामने आ रही है कि यहां से बीमा भारती के पति निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। इस बीच अब जदयू ने इस सीट के अपने कैंडिडेट के नाम का एलान कर दिया है। दरअसल, रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जदयू ने कलाधार मंडल को अपना सिंबल दिया है। शिक्षक की नौकरी छोड़कर राजनीति में आये कलाधर मंडल 2020 के विधानसभा चुनाव में पहली बार निर्दलीय खड़े हुए थे और उन्हें छह हजार से अधिक वोट मिले थे। वर्तमान में इनकी पत्नी मुखिया है। बताया जाता है कि,पिछले ही दिनों मंत्री लेशी सिंह ने कलाधर मंडल को सीएम नीतीश कुमार से भी मिलवाया था। इसके बाद अब इनके नाम पर फाइनल मुहर लग गयी है। वहीं,रूपौली विधानसभा से उपचुनाव में महागठबंधन (इंडिया अलायंस) में शामिल लेफ्ट पार्टी सीपीआई ने लड़ने का ऐलान कर दिया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी सीपीआई ने यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन जेडीयू की बीमा भारती जीत गई थीं। बीमा भारती के जेडीयू छोड़कर आरजेडी में आने और लोकसभा इलेक्शन लड़ने से रूपौली सीट खाली हो गई है। इसके बाद अब सीपीआई से वापस से यहां अपना दावा ठोका है। आपको बताते चलें कि, रूपौली उपचुनाव के लिए 14 जून से 21 जून तक नामांकन की तिथि है. 24 जून को स्क्रूटनी और 26 जून को नाम वापसी की तिथि है। वहीं, 10 जुलाई को मतदान यानी उपचुनाव होगा, जबकि 13 जुलाई को मतगणना होना है। जिलाधिकारी ने कहा कि रूपौली विधानसभा में कुल मतदाता की संख्या 313599 है जिसमें महिला मतदाता 151895 और पुरुष मतदाता 161688 हैं। यहां का लिंगानुपात 939 है।

शिवहर एसडीएम अविनाश कुणाल ने कहा

30 जून 2024 तक राशन कार्ड धारकों को केवाईसी करवाना अनिवार्य

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर सरकार द्वारा जारी पत्रों के आलोक में राशन कार्ड उपभोक्ता को केवाईसी कराना जरूरी है, जानकारी देते हुए एसडीएम अविनाश कुणाल ने बताया है कि 30 जून 2024 तक जिले के सभी राशन कार्ड धारकों को केवाईसी करवाना अनिवार्य है ताकि राशन कार्ड के बारे में सही स्थिति स्पष्ट हो सके।

अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुणाल ने बताया है कि बिहार राशन कार्ड ई-केवाईसी नया नियम लागू सबको कराना होगा केवाईसी।जन वितरण दुकानों पर उपभोक्ता जाकर लाभुक केवाईसी कराये ताकि उनको निर्बाध रूप से खाद्यान्न मिलता रहे।

उन्होंने बताया है कि जिन उपभोक्ताओं को केवाईसी नहीं होगा सरकार द्वारा यह समझा जाएगा कि उक्त लाभूकों की मौत हो चुकी है। वैसे लाभुकों को खाद्यान्न से वंचित रहना पड़ेगा तथा खाद्यान्न का लाभ नहीं मिल पाएगा ।यथाशीघ्र अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के यहां जाकर तुरंत केवाईसी करवा ले अन्यथा आगे खाद्यान्न लेने में लाभुकों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

BJP विधायक ने टेंडर में पकड़ी गड़बड़ी तो बैकफुट पर आया शिक्षा विभाग ! सरकारी स्कूलों में क्लास रूम बनाने के लिए जारी निविदा रद्द

BOQ राशि 1250 रुपया रखना है .जबकि जारी सूचना में *BOQ* राशि 2500 रखा गया है, जो नियम विरुद्ध है

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

सिकरहना (पूर्वी चम्पारण), पूर्वी चंपारण में शिक्षा विभाग द्वारा निकाले गए टेंडर में गड़बड़ी पकड़ी गई थी. इस संबंध में सत्ताधारी दल के विधायक ने टेंडर प्रकाशन पर सवाल उठाए थे और रद्द करने को लेकर पत्र भी लिख दियाथा. भाजपा विधायक पवन जायसवाल द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को पत्र लिखकर टेंडर रद्द करने के पत्र के बाद शिक्षा विभाग बैकफुट पर आ गया. आज 14 जून को टेंडर रद्द कर दिया गया है. डीईओ मोतिहारी के पत्र में कहा गया है कि टेंडर निष्पादन समिति के सामूहिक निर्णय और अपरिहार्य कारण से टेंडर को रद्द किया जाता है.दरअसल, पूर्वी चंपारण के विभिन्न प्रखंडों में विद्यालय विकास योजना के तहत माध्यमिक, उच माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाना है. इस कार्य के लिए जिले के 102 विद्यालयों में वर्ग कक्ष निर्माण कराने को लेकर शिक्षा विभाग की तरफ से टेंडर निकाला गया था. जिला शिक्षा पदाधिकारी मोतिहारी, की तरफ से कहा गया था कि विद्यालयों में कार्य करने के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है. निविदा में वही संवेदक भाग ले सकते हैं जो राय स्तरीय आधारभूत संरचना का कार्य करने के लिए सूचीबद्ध हों. हालांकि, शिक्षा विभाग का यह टेंडर तकनीकी पेंच में फंस गया. गड़बड़ी साबित होने पर इस टेंडर को रद्द कर दिया गया है. शिकायत मिलने के बाद ढाका से भाजपा विधायक पवन जायसवाल ने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को पत्र लिखा था. जिसमें कहा था कि टेंडर सं.-1 वर्ष 2024/ 25 नियम सम्मत नहीं है. ऐसे में प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना को रद्द किया जाए . पत्र में कहा गया था कि जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण द्वारा निकाले गए अल्पकालिक सीमित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या एक जो प्रकाशित की गई है वह नियमानुकूल नहीं है. पथ निर्माण विभाग एवं वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार किसी भी निविदा में जिसकी प्राकृतिक राशि 10 लाख से नीचे हो, उसमें ब्रह्मक राशि 1250 रुपया रखना है .जबकि जारी सूचना में ब्रह्मक राशि 2500 रखा गया है, जो नियम विरुद्ध है.साथ ही बेरोजगार संवेदकों पर आर्थिक बोझ भी है. ऐसे में नियम विरुद्ध प्रकाशित निविदा को स्थगित कर संशोधित निविदा प्रकाशित करें. जिला शिक्षा पदाधिकारी मोतिहारी द्वारा जारी टेंडर पर सवाल खड़े होने के बाद आखिरकार टेंडर को रद्द करना पड़ा